कोविड-19 के लक्षण

कोविड-19 के लक्षण फ्लू और आम जुकाम सहित अन्य श्वसन बीमारियों के समान हैं। लक्षण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भिन्न हो सकते हैं। कुछ लोगों को हल्के लक्षणों का अनुभव हो सकता है, जबकि अन्य में अधिक गंभीर लक्षण होते हैं। कोविड-19 संक्रमण के साथ सबसे अधिक पाए जाने वाले लक्षणों में शामिल हैं:

- बुखार
- ठंड लगना
- खांसी या पुरानी खांसी का बिगड़ना
- सांस चढ़ना
- गला खराब
- बहती नाक
- गंध या स्वाद की भावना की हानि
- मतली और उल्टी
- दस्त
- सरदर्द
- मांसपेशियों के दर्द
- थकान
- भूख में कमी

कभी-कभी कोविड-19 वाले लोगों को हल्की बीमारी होती है, लेकिन कुछ दिनों में उनके लक्षण अचानक बिगड़ सकते हैं। कुछ कम सामान्य लक्षणों में बंद नाक, कंजंक्टिवाइटिस (गुलाबी आंख) चक्कर आना, भ्रमित महसूस कर, पेट में दर्द, त्वचा पर चकत्ते या उंगलियों या पैर की उंगलियों का मलिनकिरण शामिल हैं। लक्षणों वाले लोग, भले ही वे हल्के हों, परीक्षण करवा सकते हैं।

कोविड-19 के लक्षणों के बारे में अधिक जानने के लिए, बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल के लक्षण पृष्ठ पर जाएं।

यदि आपको लक्षण हैं

यदि आपको लक्षण हैं, तो आपको स्व-अलगाव करने की आवश्यकता है, ताकि आप संभावित रूप से कोविड-19 को दूसरों को न फैलाएं। स्व-अलगाव के बारे में, किसे स्व-अलगाव करना चाहिए और स्व-अलगाव को समाप्त करने के बारे में अधिक जानने के लिए स्व-अलगाव और कोविड-19 देखें।

यदि आप बीमार हैं तो क्या करना है, इसे फैलने से कैसे रोकना है, और यदि आपको मैडिकल देखभाल की आवश्यकता है, तो क्या करना है, इस बारे में अधिक जानने के लिए, बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल के इफ यू आर सिक (If you are sick) पेज पर जाएँ।

कोविड-19 से जुड़े कुछ लक्षण अन्य स्थितियों में आम हैं। यदि आपको लक्षण हैं तो आप क्या कर सकते हैं के बारे में अधिक जानकारी के लिए, देखें:

- जुकाम
- बुखार या ठिठुरन, 11 साल तथा उस से कम उम्र

- बुखार या ठिठुरन, 12 साल तथा उस से अधिक उम्र
- श्वांस - प्रणाली की समस्यायें, 11 साल और उस से कम उम्र
- श्वांस - प्रणाली की समस्यायें, 12 साल और उस से अधिक उम्र

आप ऐसे कई लक्षणों का प्रबंधन घर पर कर सकते हैं जो कोविड-19 के साथ आम हैं। बहुत तरल पदार्थ पिएं, भरपूर आराम करें और खांसी या गले में खराश को कम करने के लिए ह्यूमिडिफायर या गर्म शॉवर का उपयोग करें।

आपको यह निर्धारित करने में मदद करने के लिए कि आपको आगे मूल्यांकन या परीक्षण की आवश्यकता है, बीसी कोविड-19 लक्षण स्व-मूल्यांकन उपकरण का उपयोग करें। लक्षणों वाले लोग, भले ही वे हल्के हों, कोविड -19 के लिए परीक्षण करवा सकते हैं। अपने नज़दीक एक कोविड-19 क्लैक्शन सैंटर (जिन स्थानों पर आपका परीक्षण किया जा सकता है) का पता लगाने के लिए बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल के परीक्षण पृष्ठ पर जाएँ।

जबकि कोई भी व्यक्ति परीक्षण करवा सकता है, कुछ लक्षण अन्य मैडिकल मुद्दों के संकेत भी हो सकते हैं और आपको मैडिकल देखभाल की आवश्यकता हो सकती है। यदि आप अनिश्चित हैं कि देखभाल करनी है या परीक्षण करवाना है, तो अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से संपर्क करें या **8-1-1** पर कॉल करें। यदि आप या आपकी देखभाल में किसी और को साँस लेने में बहुत कठिनाई हो रही है, सीने में तेज़ दर्द हो रहा है, जागने में कठिनाई हो रही है, उलझन महसूस हो रही है या होश खो रहे हैं, तो आपको **9-1-1** पर कॉल करके या अपने नजदीकी आपातकालीन विभाग में जा कर आपातकालीन मैडिकल देखभाल लेनी चाहिए।

यदि आपके आम स्वास्थ्य प्रश्न या चिंताएं हैं, तो हैल्थलिंकबीसी (**8-1-1**) से किसी भी समय, दिन या रात में संपर्क करें। यदि साँस लेना मुश्किल हो जाता है, आप कुछ भी नहीं पी सकते हैं या बहुत बदतर महसूस करते हैं, तो अर्जन्ट और प्राईमरी केयर सैंटर या आपातकालीन विभाग में तत्काल चिकित्सा देखभाल प्राप्त करें। यदि आपको या आपकी देखभाल में किसी को सीने में दर्द, सांस लेने में कठिनाई या गंभीर रक्तस्राव हो, तो तुरंत **9-1-1** या अपने स्थानीय आपातकालीन नंबर पर कॉल करें।

यदि आप प्राथमिकता वाली आबादी हैं

अधिकतर लोग कोरोनावाइरसों से अपने आप ठीक हो जाते हैं। हालांकि, कुछ लोगों को अन्य स्वास्थ्य स्थितियों के कारण अधिक गंभीर बीमारी या जटिलताएँ विकसित होने की संभावना अधिक हो सकती है। इन्हें प्राथमिकता आबादीयाँ कहा जाता है और इन लोगों को सुरक्षित रखने के लिए विशिष्ट सावधानियों और उपचार की आवश्यकता हो सकती है।

प्राथमिकता वाली (और कमज़ोर) आबादीयों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें:

- बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल: प्राथमिकता वाली आबादीयाँ
- पब्लिक हेल्थ एजेन्सी ऑफ कनाडा: कमज़ोर आबादियां और कोविड-19 (PDF 335KB)
- पब्लिक हैल्थ एजेंसी ऑफ कनाडा; जो लोग कोविड-19 से गंभीर बीमारी के उच्च जोखिम पर हैं

अगर आप गर्भवती हैं

गर्भधारण से कोविड-19 होने का खतरा नहीं बढ़ता। गर्भवती महिलाओं को समुदाय में सभी के समान स्व-अलगाव के दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए। यदि आप अपनी गर्भावस्था के दौरान बीमार हो जाती हैं, तो आपको अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करनी चाहिए और कोविड-19 का परीक्षण करवाना चाहिए।

यहाँ से गर्भावस्था और कोविड-19 के बारे में अधिक जानें:

- बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल: कोविड-19 और गर्भावस्था
- बीसी विमेन्ज़ हॉस्पिटल , कोविड-19 मरीजों के लिए जानकारी (आम प्रश्न)
- कनाडा सरकार: कोरोनावायरस रोग (कोविड-19) गर्भावस्था, प्रसव और नवजात शिशुओं की देखभाल: माताओं के लिए सलाह (PDF 355KB)

कोविड-19 के बारे में आम सवाल

कोविड-19 के बारे में लक्षणों और अन्य आम प्रश्नों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें, देखें:

- बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल: कोविड-19 के बारे में आम प्रश्न
- पब्लिक हेल्थ एजेन्सी ऑफ कनाडा: कोरोनावायरस रोग (कोविड-19): लक्षण और उपचार

कोविड-19 के बारे में और अपने आप को, अपने परिवार और अपने समुदाय को कैसे सुरक्षित रखना है के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करें, कोरोनावायरस रोग (कोविड-19) देखें।

अंतिम अद्यतन: 19 जून, 2020

उपरोक्त जानकारी को बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल के कोविड-19 संसाधनों, जिन तक 19 जून, 2020 को पहुँचा गया और पब्लिक हैल्थ एजेंसी PHAC: कोरोनावायरस रोग (कोविड-19) से अनुकूलित किया गया है: कोरोनावायरस रोग (कोविड-19): लक्षण और उपचार 19 जून, 2020 को इस तक पहुंचा गया।